## PART A – MATHEMATICS

1. If the equations $x^2+2x+3=0$ and $ax^2+bx+c=0$, a, b, c $\in$ **R**, have a common root, then a : b : c is :

   (1) 3 : 1 : 2

   (2) 1 : 2 : 3

   (3) 3 : 2 : 1

   (4) 1 : 3 : 2

2. If the lines $\frac{x-2}{1}=\frac{y-3}{1}=\frac{z-4}{-k}$ and $\frac{x-1}{k}=\frac{y-4}{2}=\frac{z-5}{1}$ are coplanar, then k can have :

   (1) exactly three values.

   (2) any value.

   (3) exactly one value.

   (4) exactly two values.

3. If $x, y, z$ are in A.P. and $\tan^{-1}x$, $\tan^{-1}y$ and $\tan^{-1}z$ are also in A.P. , then :

   (1) $6x=4y=3z$

   (2) $x=y=z$

   (3) $2x=3y=6z$

   (4) $6x=3y=2z$

## भाग A – गणित

1. यदि समीकरणों $x^2+2x+3=0$ तथा $ax^2+bx+c=0$, a, b, c $\in$ **R** , का एक मूल उभयनिष्ठ है, तो a : b : c है :

   (1) 3 : 1 : 2

   (2) 1 : 2 : 3

   (3) 3 : 2 : 1

   (4) 1 : 3 : 2

2. यदि रेखाएँ $\frac{x-2}{1}=\frac{y-3}{1}=\frac{z-4}{-k}$ तथा $\frac{x-1}{k}=\frac{y-4}{2}=\frac{z-5}{1}$ समतलीय हैं, तो k का :

   (1) केवल तीन मान संभव हैं।

   (2) कोई भी मान संभव है।

   (3) केवल एक मान संभव है।

   (4) केवल दो मान संभव हैं।

3. यदि $x, y, z$ एक समांतर श्रेढ़ी में हैं तथा $\tan^{-1}x$, $\tan^{-1}y$ तथा $\tan^{-1}z$ भी समांतर श्रेढ़ी में हैं, तो :

   (1) $6x=4y=3z$

   (2) $x=y=z$

   (3) $2x=3y=6z$

   (4) $6x=3y=2z$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

4. At present, a firm is manufacturing 2000 items. It is estimated that the rate of change of production P w.r.t. additional number of workers $x$ is given by $\frac{dP}{dx} = 100 - 12\sqrt{x}$. If the firm employs 25 more workers, then the new level of production of items is :

(1) 4500

(2) 2500

(3) 3000

(4) 3500

4. वर्तमान में एक फर्म 2000 नग बना रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि अतिरिक्त कामगारों की संख्या $x$ के सापेक्ष उत्पादन P के परिवर्तन की दर $\frac{dP}{dx} = 100 - 12\sqrt{x}$ द्वारा प्रदत्त है। यदि फर्म 25 कामगार अधिक लगाती है, तो नगों के उत्पादन का नया स्तर है :

(1) 4500

(2) 2500

(3) 3000

(4) 3500

5. The equation of the circle passing through the foci of the ellipse $\frac{x^2}{16} + \frac{y^2}{9} = 1$, and having centre at (0, 3) is :

(1) $x^2 + y^2 - 6y + 5 = 0$

(2) $x^2 + y^2 - 6y - 7 = 0$

(3) $x^2 + y^2 - 6y + 7 = 0$

(4) $x^2 + y^2 - 6y - 5 = 0$

5. दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{16} + \frac{y^2}{9} = 1$ की नाभियों से होकर जाने वाले उस वृत्त, जिसका केंद्र (0, 3) है, का समीकरण है :

(1) $x^2 + y^2 - 6y + 5 = 0$

(2) $x^2 + y^2 - 6y - 7 = 0$

(3) $x^2 + y^2 - 6y + 7 = 0$

(4) $x^2 + y^2 - 6y - 5 = 0$

6. If $P = \begin{bmatrix} 1 & \alpha & 3 \\ 1 & 3 & 3 \\ 2 & 4 & 4 \end{bmatrix}$ is the adjoint of a $3 \times 3$ matrix A and $|A| = 4$, then $\alpha$ is equal to :

(1) 0

(2) 4

(3) 11

(4) 5

6. यदि $P = \begin{bmatrix} 1 & \alpha & 3 \\ 1 & 3 & 3 \\ 2 & 4 & 4 \end{bmatrix}$ एक $3 \times 3$ आव्यूह A का सहखंडज है तथा $|A| = 4$ है, तो $\alpha$ बराबर है :

(1) 0

(2) 4

(3) 11

(4) 5



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

7. Consider :

**Statement - I** : $(p \wedge \sim q) \wedge (\sim p \wedge q)$ is a fallacy.

**Statement - II** : $(p \rightarrow q) \leftrightarrow (\sim q \rightarrow \sim p)$ is a tautology.

(1) Statement - I is false; Statement - II is true.

(2) Statement - I is true; Statement - II is true; Statement - II is a **correct** explanation for Statement - I.

(3) Statement - I is true; Statement - II is true; Statement - II is **not** a correct explanation for Statement - I.

(4) Statement - I is true; Statement - II is false.

7. विचार कीजिए :

**कथन** - I : $(p \wedge \sim q) \wedge (\sim p \wedge q)$ सदैव असत्य है।

**कथन** - II : $(p \rightarrow q) \leftrightarrow (\sim q \rightarrow \sim p)$ सदैव सत्य है।

(1) कथन - I असत्य है, कथन - II सत्य है।

(2) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की **सही** व्याख्या है।

(3) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की सही व्याख्या **नहीं** है।

(4) कथन - I सत्य है, कथन - II असत्य है।

8. The $x$-coordinate of the incentre of the triangle that has the coordinates of mid points of its sides as (0, 1) (1, 1) and (1, 0) is :

(1) $1 - \sqrt{2}$

(2) $2 + \sqrt{2}$

(3) $2 - \sqrt{2}$

(4) $1 + \sqrt{2}$

8. एक त्रिभुज, जिसकी भुजाओं के मध्य बिंदुओं के निर्देशांक (0, 1), (1, 1) तथा (1, 0) हैं, के अंत:केंद्र का $x$- निर्देशांक है :

(1) $1 - \sqrt{2}$

(2) $2 + \sqrt{2}$

(3) $2 - \sqrt{2}$

(4) $1 + \sqrt{2}$

9. The real number $k$ for which the equation, $2x^3 + 3x + k = 0$ has two distinct real roots in [0, 1]

(1) does not exist.

(2) lies between 1 and 2.

(3) lies between 2 and 3.

(4) lies between $-1$ and 0.

9. वास्तविक संख्या $k$, जिसके लिए [0, 1] में समीकरण $2x^3 + 3x + k = 0$ के दो भिन्न वास्तविक मूल हैं,

(1) का अस्तित्व नहीं है।

(2) 1 तथा 2 के बीच में स्थित है।

(3) 2 तथा 3 के बीच स्थित है।

(4) $-1$ तथा 0 के बीच स्थित है।



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

10. If $\int f(x)\,dx = \Psi(x)$, then $\int x^5 f(x^3)\,dx$ is equal to :

(1) $\frac{1}{3}\left[x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^3\Psi\left(x^3\right)dx\right] + C$

(2) $\frac{1}{3}\left[x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^2\Psi\left(x^3\right)dx\right] + C$

(3) $\frac{1}{3}\,x^3\Psi\left(x^3\right) - 3\int x^3\Psi\left(x^3\right)dx + C$

(4) $\frac{1}{3}\,x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^2\Psi\left(x^3\right)dx + C$

10. यदि $\int f(x)\,dx = \Psi(x)$ है, तो $\int x^5 f(x^3)\,dx$ बराबर है :

(1) $\frac{1}{3}\left[x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^3\Psi\left(x^3\right)dx\right] + C$

(2) $\frac{1}{3}\left[x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^2\Psi\left(x^3\right)dx\right] + C$

(3) $\frac{1}{3}\,x^3\Psi\left(x^3\right) - 3\int x^3\Psi\left(x^3\right)dx + C$

(4) $\frac{1}{3}\,x^3\Psi\left(x^3\right) - \int x^2\Psi\left(x^3\right)dx + C$

11. The number of values of k, for which the system of equations :

$(k+1)x + 8y = 4k$

$kx + (k+3)y = 3k-1$

has no solution, is :

(1) 3

(2) infinite

(3) 1

(4) 2

11. k के उन मानों की संख्या, जिनके लिए निम्न समीकरण निकाय :

$(k+1)x + 8y = 4k$

$kx + (k+3)y = 3k-1$

का कोई हल नहीं है, है :

(1) 3

(2) अनन्त

(3) 1

(4) 2

12. Let $T_n$ be the number of all possible triangles formed by joining vertices of an n-sided regular polygon. If $T_{n+1} - T_n = 10$, then the value of n is :

(1) 8

(2) 7

(3) 5

(4) 10

12. माना एक n-भुजाओं वाली समबहुभुज के शीर्षों को मिलाकर बनने वाले सभी संभव त्रिभुजों की संख्या $T_n$ है। यदि $T_{n+1} - T_n = 10$ है, तो n का मान है :

(1) 8

(2) 7

(3) 5

(4) 10

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

13. Given : A circle, $2x^2+2y^2=5$ and a parabola, $y^2=4\sqrt{5}\,x$.

**Statement - I :** An equation of a common tangent to these curves is $y=x+\sqrt{5}$.

**Statement - II :** If the line, $y=mx+\frac{\sqrt{5}}{m}$ $(m\neq 0)$ is their common tangent, then m satisfies $m^4-3m^2+2=0$.

(1) Statement - I is false; Statement - II is true.

(2) Statement - I is true; Statement - II is true; Statement - II is a **correct** explanation for Statement - I.

(3) Statement - I is true; Statement - II is true; Statement - II is **not** a correct explanation for Statement - I.

(4) Statement - I is true; Statement - II is false.

13. दिया है : एक वृत्त, $2x^2+2y^2=5$ तथा एक परवल $y^2=4\sqrt{5}\,x$.

**कथन - I :** इन वक्रों की एक उभयनिष्ठ स्पर्श रेख का समीकरण $y=x+\sqrt{5}$ है।

**कथन - II :** यदि रेखा $y=mx+\frac{\sqrt{5}}{m}$ $(m\neq 0)$ उनकी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा है, तो m, $m^4-3m^2+2=0$ को संतुष्ट करता है।

(1) कथन - I असत्य है; कथन - II सत्य है।

(2) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की **सही** व्याख्या है।

(3) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की सही व्याख्या **नहीं** है।

(4) कथन - I सत्य है; कथन - II असत्य है।

14. The area (in square units) bounded by the curves $y=\sqrt{x}$, $2y-x+3=0$, $x$-axis, and lying in the first quadrant is :

(1) $\frac{27}{4}$

(2) 9

(3) 36

(4) 18

14. वक्रों $y=\sqrt{x}$, $2y-x+3=0$ तथा $x$- अक्ष से घिरे उस क्षेत्र, जो प्रथम चतुर्थांश में स्थित है,का (वर्ग इकाई में) क्षेत्रफल है :

(1) $\frac{27}{4}$

(2) 9

(3) 36

(4) 18

15. The expression $\frac{\tan A}{1-\cot A}+\frac{\cot A}{1-\tan A}$ can be written as :

(1) $\sec A+\operatorname{cosec} A$

(2) $\sin A\cos A+1$

(3) $\sec A\operatorname{cosec} A+1$

(4) $\tan A+\cot A$

15. व्यंजक $\frac{\tan A}{1-\cot A}+\frac{\cot A}{1-\tan A}$ को लिखा जा सकता है :

(1) $\sec A+\operatorname{cosec} A$

(2) $\sin A\cos A+1$

(3) $\sec A\operatorname{cosec} A+1$

(4) $\tan A+\cot A$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

वलय
रेखा
≠0)
m,
है;
है;
है।
रे
ई

16. **Statement - I :**

The value of the integral $\int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{dx}{1+\sqrt{\tan x}}$ is equal to $\frac{\pi}{6}$.

**Statement - II :**

$\int_a^b f(x)dx = \int_a^b f(a+b-x)dx$.

(1) Statement - I is false ; Statement - II is true.

(2) Statement - I is true ; Statement - II is true; Statement - II is a **correct** explanation for Statement - I.

(3) Statement - I is true; Statement - II is true; Statement - II is **not** a correct explanation for Statement - I.

(4) Statement - I is true; Statement - II is false.

17. If $y=\sec(\tan^{-1}x)$, then $\frac{dy}{dx}$ at $x=1$ is equal to :

(1) $\sqrt{2}$

(2) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

(3) $\frac{1}{2}$

(4) 1

16. **कथन - I :**

समाकलन $\int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{dx}{1+\sqrt{\tan x}}$ का मान $\frac{\pi}{6}$ है।

**कथन - II :**

$\int_a^b f(x)dx = \int_a^b f(a+b-x)dx$.

(1) कथन - I असत्य है, कथन - II सत्य है।

(2) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की **सही** व्याख्या है।

(3) कथन - I सत्य है; कथन - II सत्य है; कथन - II कथन - I की सही व्याख्या **नहीं** है।

(4) कथन - I सत्य है, कथन - II असत्य है।

17. यदि $y=\sec(\tan^{-1}x)$ है, तो $x=1$ पर $\frac{dy}{dx}$ का मान है :

(1) $\sqrt{2}$

(2) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

(3) $\frac{1}{2}$

(4) 1



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

18. If $z$ is a complex number of unit modulus and argument $\theta$, then $\arg\left(\frac{1+z}{1+\bar{z}}\right)$ equals :

(1) $\pi - \theta$

(2) $-\theta$

(3) $\frac{\pi}{2} - \theta$

(4) $\theta$

18. यदि $z$ एक ऐसी सम्मिश्र संख्या है जिसका मापांक एक इकाई है तथा कोणांक $\theta$ है, तो कोणांक $\left(\frac{1+z}{1+\bar{z}}\right)$ बराबर है :

(1) $\pi - \theta$

(2) $-\theta$

(3) $\frac{\pi}{2} - \theta$

(4) $\theta$

19. All the students of a class performed poorly in Mathematics. The teacher decided to give grace marks of 10 to each of the students. Which of the following statistical measures will not change even after the grace marks were given ?

(1) variance

(2) mean

(3) median

(4) mode

19. एक कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने गणित में कम अंक प्राप्त किए। अध्यापक ने प्रत्येक विद्यार्थी को 10 रियायती अंक देने का निर्णय लिया। रियायती अंक देने के बाद भी निम्न में से कौन सा सांख्यिकी माप नहीं बदलेगा ?

(1) प्रसरण

(2) माध्य

(3) माध्यक

(4) बहुलक

20. A ray of light along $x + \sqrt{3}y = \sqrt{3}$ gets reflected upon reaching $x$-axis, the equation of the reflected ray is :

(1) $\sqrt{3}y = x - 1$

(2) $y = x + \sqrt{3}$

(3) $\sqrt{3}y = x - \sqrt{3}$

(4) $y = \sqrt{3}x - \sqrt{3}$

20. $x + \sqrt{3}y = \sqrt{3}$ की दिशा में जाती हुई एक प्रकाश की किरण $x$-अक्ष पर पहुँच कर परावर्तित हो जाती है। इस परावर्तित किरण का समीकरण है :

(1) $\sqrt{3}y = x - 1$

(2) $y = x + \sqrt{3}$

(3) $\sqrt{3}y = x - \sqrt{3}$

(4) $y = \sqrt{3}x - \sqrt{3}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

**21.** The sum of first 20 terms of the sequence 0.7, 0.77, 0.777, ......, is :

(1) $\frac{7}{9}\left(99 + 10^{-20}\right)$

(2) $\frac{7}{81}\left(179 - 10^{-20}\right)$

(3) $\frac{7}{9}\left(99 - 10^{-20}\right)$

(4) $\frac{7}{81}\left(179 + 10^{-20}\right)$

**22.** A multiple choice examination has 5 questions. Each question has three alternative answers of which exactly one is correct. The probability that a student will get 4 or more correct answers just by guessing is :

(1) $\frac{10}{3^5}$

(2) $\frac{17}{3^5}$

(3) $\frac{13}{3^5}$

(4) $\frac{11}{3^5}$

**21.** श्रेणी 0.7, 0.77, 0.777, ......, के प्रथम 20 पदों का योग है :

(1) $\frac{7}{9}\left(99 + 10^{-20}\right)$

(2) $\frac{7}{81}\left(179 - 10^{-20}\right)$

(3) $\frac{7}{9}\left(99 - 10^{-20}\right)$

(4) $\frac{7}{81}\left(179 + 10^{-20}\right)$

**22.** एक बहुविकल्पी परीक्षा में 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 3 वैकल्पिक उत्तर हैं, जिनमें से केवल एक सही है। एक विद्यार्थी द्वारा केवल अनुमान से 4 या उससे अधिक प्रश्नों के सही उत्तर देने की प्रायिकता है :

(1) $\frac{10}{3^5}$

(2) $\frac{17}{3^5}$

(3) $\frac{13}{3^5}$

(4) $\frac{11}{3^5}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

23. The term independent of $x$ in expansion of $\left(\frac{x+1}{x^{2/3}-x^{1/3}+1}-\frac{x-1}{x-x^{1/2}}\right)^{10}$ is :

(1) 310

(2) 4

(3) 120

(4) 210

23. $\left(\frac{x+1}{x^{2/3}-x^{1/3}+1}-\frac{x-1}{x-x^{1/2}}\right)^{10}$ के प्रसार में $x$ से स्वतंत्र पद है :

(1) 310

(2) 4

(3) 120

(4) 210

24. Let A and B be two sets containing 2 elements and 4 elements respectively. The number of subsets of $A \times B$ having 3 or more elements is :

(1) 211

(2) 256

(3) 220

(4) 219

24. माना A तथा B दो ऐसे सम्मुच्च्य है जिनमें क्रमशः 2 अवयव तथा 4 अवयव हैं। $A \times B$ के उन उपसमुच्चयों की संख्या, जिनमें 3 अथवा अधिक अवयव हैं, है :

(1) 211

(2) 256

(3) 220

(4) 219

25. If the vectors $\overrightarrow{AB} = 3\hat{i} + 4\hat{k}$ and $\overrightarrow{AC} = 5\hat{i} - 2\hat{j} + 4\hat{k}$ are the sides of a triangle ABC, then the length of the median through A is :

(1) $\sqrt{45}$

(2) $\sqrt{18}$

(3) $\sqrt{72}$

(4) $\sqrt{33}$

25. यदि सदिश $\overrightarrow{AB} = 3\hat{i} + 4\hat{k}$ तथा $\overrightarrow{AC} = 5\hat{i} - 2\hat{j} + 4\hat{k}$ एक त्रिभुज ABC की भुजाएँ हैं, तो A से होकर जाती हुई माध्यिका की लंबाई है :

(1) $\sqrt{45}$

(2) $\sqrt{18}$

(3) $\sqrt{72}$

(4) $\sqrt{33}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

26. The intercepts on $x$- axis made by tangents to the curve, $y = \int_0^x |t| \, dt, \; x \in R$, which are parallel to the line $y = 2x$, are equal to :

(1) $\pm 4$

(2) $\pm 1$

(3) $\pm 2$

(4) $\pm 3$

27. $\lim\limits_{x \to 0} \dfrac{(1 - \cos 2x)(3 + \cos x)}{x \tan 4x}$ is equal to :

(1) 2

(2) $-\dfrac{1}{4}$

(3) $\dfrac{1}{2}$

(4) 1

28. The circle passing through $(1, -2)$ and touching the axis of $x$ at $(3, 0)$ also passes through the point :

(1) $(-2, 5)$

(2) $(-5, 2)$

(3) $(2, -5)$

(4) $(5, -2)$

26. वक्र $y = \int_0^x |t| \, dt, \; x \in R$, पर रेखा $y = 2x$ के समांतर खींची गई स्पर्श रेखाओं द्वारा $x$- अक्ष पर बने अंत:खण्ड, बराबर हैं :

(1) $\pm 4$

(2) $\pm 1$

(3) $\pm 2$

(4) $\pm 3$

27. $\lim\limits_{x \to 0} \dfrac{(1 - \cos 2x)(3 + \cos x)}{x \tan 4x}$ बराबर है :

(1) 2

(2) $-\dfrac{1}{4}$

(3) $\dfrac{1}{2}$

(4) 1

28. एक वृत्त जो $(1, -2)$ से होकर जाता है, तथा $x$ - अक्ष को $(3, 0)$ पर स्पर्श करता है, जिस अन्य बिंदु से होकर जाता है, वह है :

(1) $(-2, 5)$

(2) $(-5, 2)$

(3) $(2, -5)$

(4) $(5, -2)$



ZOLLEGE.in

29. Distance between two parallel planes $2x+y+2z=8$ and $4x+2y+4z+5=0$ is :

(1) $\frac{9}{2}$

(2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{5}{2}$

(4) $\frac{7}{2}$

30. ABCD is a trapezium such that AB and CD are parallel and $BC \perp CD$. If $\angle ADB = \theta$, $BC = p$ and $CD = q$, then AB is equal to :

(1) $\frac{(p^2 + q^2)\sin\theta}{(p\cos\theta + q\sin\theta)^2}$

(2) $\frac{(p^2 + q^2)\sin\theta}{p\cos\theta + q\sin\theta}$

(3) $\frac{p^2 + q^2\cos\theta}{p\cos\theta + q\sin\theta}$

(4) $\frac{p^2 + q^2}{p^2\cos\theta + q^2\sin\theta}$

29. दो समांतर समतलों $2x+y+2z=8$ तथा $4x+2y+4z+5=0$ के बीच की दूरी है :

(1) $\frac{9}{2}$

(2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{5}{2}$

(4) $\frac{7}{2}$

30. ABCD एक ऐसा समलंब है जिसमें AB तथा CD समांतर हैं तथा $BC \perp CD$ है। यदि $\angle ADB = \theta$, $BC = p$ तथा $CD = q$ है, तो AB बराबर है :

(1) $\frac{(p^2 + q^2)\sin\theta}{(p\cos\theta + q\sin\theta)^2}$

(2) $\frac{(p^2 + q^2)\sin\theta}{p\cos\theta + q\sin\theta}$

(3) $\frac{p^2 + q^2\cos\theta}{p\cos\theta + q\sin\theta}$

(4) $\frac{p^2 + q^2}{p^2\cos\theta + q^2\sin\theta}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

## PART B — PHYSICS

**31.** The anode voltage of a photocell is kept fixed. The wavelength $\lambda$ of the light falling on the cathode is gradually changed. The plate current I of the photocell varies as follows :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**32.** A circular loop of radius 0.3 cm lies parallel to a much bigger circular loop of radius 20 cm. The centre of the small loop is on the axis of the bigger loop. The distance between their centres is 15 cm. If a current of 2.0 A flows through the smaller loop, then the flux linked with bigger loop is :

(1) $6.6 \times 10^{-9}$ weber

(2) $9.1 \times 10^{-11}$ weber

(3) $6 \times 10^{-11}$ weber

(4) $3.3 \times 10^{-11}$ weber

## भाग B — भौतिक विज्ञान

**31.** एक फोटोसैल की एनोड वोल्टता नियत है। कैथोड पर आपतित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य $\lambda$ धीरे-धीरे परिवर्तित की जाती है। फोटोसैल की प्लेट धारा I इस प्रकार परिवर्तित होती है :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**32.** त्रिज्या 0.3 cm का एक वृत्तीय लूप एक काफी बड़े त्रिज्या 20 cm के वृत्तीय लूप के समान्तर रखा है। छोटे लूप का केन्द्र बड़े लूप की अक्ष पर है। उनके केन्द्रों के बीच दूरी 15 cm है। यदि छोटे लूप से 2.0 A की धारा प्रवाहित होती है, तब बड़े लूप से सम्बद्धित फ्लक्स है :

(1) $6.6 \times 10^{-9}$ वेबर

(2) $9.1 \times 10^{-11}$ वेबर

(3) $6 \times 10^{-11}$ वेबर

(4) $3.3 \times 10^{-11}$ वेबर



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

33. The graph between angle of deviation (δ) and angle of incidence ($i$) for a triangular prism is represented by :

(1)



(2)



(3)



(4)



33. एक त्रिभुजाकार प्रिस्म के लिये विचलन कोण (δ और आपतन कोण ($i$) के बीच ग्राफ इससे दर्शा जाता है :

(1)



(2)



(3)



(4)





ZOLLEGE.in

**34.** In an LCR circuit as shown below both switches are open initially. Now switch $S_1$ is closed, $S_2$ kept open. (q is charge on the capacitor and $\tau = RC$ is Capacitive time constant). Which of the following statement is correct ?




(1) At $t = \frac{\tau}{2}$, $q = CV(1 - e^{-1})$

(2) Work done by the battery is half of the energy dissipated in the resistor

(3) At $t = \tau$, $q = CV/2$

(4) At $t = 2\tau$, $q = CV(1 - e^{-2})$

**35.** Two short bar magnets of length 1 cm each have magnetic moments 1.20 $Am^2$ and 1.00 $Am^2$ respectively. They are placed on a horizontal table parallel to each other with their N poles pointing towards the South. They have a common magnetic equator and are separated by a distance of 20.0 cm. The value of the resultant horizontal magnetic induction at the mid - point O of the line joining their centres is close to

(Horizontal component of earth's magnetic induction is $3.6 \times 10^{-5}$ $Wb/m^2$)

(1) $5.80 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$

(2) $3.6 \times 10^{-5}$ $Wb/m^2$

(3) $2.56 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$

(4) $3.50 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$

**34.** नीचे दर्शाये गये एक LCR परिपथ में प्रारम्भ में दोनों स्विच खुले हैं। अब स्विच $S_1$ को बन्द किया जाता है, $S_2$ को खुला रखा जाता है (संधारित्र पर आवेश q हैं और $\tau = RC$ धारिता समय स्थिरांक है।) निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?




(1) $t = \frac{\tau}{2}$ पर, $q = CV(1 - e^{-1})$

(2) बैटरी द्वारा किया गया कार्य प्रतिरोधक में हुई ऊर्जा क्षय का आधा है।

(3) $t = \tau$ पर, $q = CV/2$

(4) $t = 2\tau$ पर, $q = CV(1 - e^{-2})$

**35.** प्रत्येक लम्बाई 1 cm के दो छोटे छड़ चुम्बकों के चुम्बकीय आघूर्ण क्रमशः 1.20 $Am^2$ एवं 1.00 $Am^2$ है। इनके N ध्रुवों को दक्षिण की ओर इंगित कर एक दूसरे के समान्तर इन्हें एक क्षैतिज मेज़ पर रखा गया है। इनकी एक उभयनिष्ठ चुम्बकीय मध्य रेखा है और इनके बीच की दूरी 20.0 cm है। इनके केन्द्रों को जोड़ने वाली रेखा के मध्य बिंदु O पर परिणामी क्षैतिज चुम्बकीय प्रेरण का मान लगभग है :

(पृथ्वी के चुम्बकीय प्रेरण का क्षैतिज घटक $3.6 \times 10^{-5}$ $Wb/m^2$ है।)

(1) $5.80 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$

(2) $3.6 \times 10^{-5}$ $Wb/m^2$

(3) $2.56 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$

(4) $3.50 \times 10^{-4}$ $Wb/m^2$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

36. *This question has Statement I and Statement II. Of the four choices given after the Statements, choose the one that best describes the two Statements.*

**Statement - I :** Higher the range, greater is the resistance of ammeter.

**Statement - II :** To increase the range of ammeter, additional shunt needs to be used across it.

(1) Statement - I is false, Statement - II is true.

(2) Statement - I is true, Statement - II is true, Statement -II is the **correct** explanation of Statement - I.

(3) Statement - I is true, Statement - II is true, Statement - II is **not** the correct explanation of Statement - I.

(4) Statement - I is true, Statement - II is false.

36. *इस प्रश्न में प्रकथन I एवं प्रकथन II दिये हुये प्रकथनों के पश्चात् दिये गये चार विकल्पों में से, विकल्प को चुनिये जो कि दोनों प्रकथनों का सर्वो वर्णन करता है।*

**प्रकथन - I :** रेन्ज जितना उच्चतर हैं, धारामापी प्रतिरोध उतना ही अधिकतर है।

**प्रकथन - II :** धारामापी की रेन्ज में वृद्धि करने लिये, इस पर अतिरिक्त शंट का प्रयोग किया जा आवश्यक है।

(1) प्रकथन - I गलत है, प्रकथन - II सत्य है।

(2) प्रकथन - I सत्य है, प्रकथन - II सत्य है प्रकथन - II प्रकथन - I की **सही** व्याख्या करता है।

(3) प्रकथन - I सत्य है, प्रकथन - II सत्य है प्रकथन - II प्रकथन - I की सही व्याख्या **नहीं** करता है।

(4) प्रकथन - I सत्य है, प्रकथन - II गलत है।





ZOLLEGE.in

37. An ideal gas enclosed in a vertical cylindrical container supports a freely moving piston of mass M. The piston and the cylinder have equal cross sectional area A. When the piston is in equilibrium, the volume of the gas is $V_0$ and its pressure is $P_0$. The piston is slightly displaced from the equilibrium position and released. Assuming that the system is completely isolated from its surrounding, the piston executes a simple harmonic motion with frequency :

(1) $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{MV_0}{A\gamma P_0}}$

(2) $\frac{1}{2\pi}\frac{A\gamma P_0}{V_0 M}$

(3) $\frac{1}{2\pi}\frac{V_0 M P_0}{A^2\gamma}$

(4) $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{A^2\gamma P_0}{MV_0}}$

38. Let $[\epsilon_0]$ denote the dimensional formula of the permittivity of vacuum. If M = mass, L = length, T = time and A = electric current, then :

(1) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^2 T^{-1} A]$

(2) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^{-3} T^2 A]$

(3) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^{-3} T^4 A^2]$

(4) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^2 T^{-1} A^{-2}]$

37. एक ऊर्ध्वाधर बेलनाकार पात्र में रखी एक आदर्श गैस एक द्रव्यमान M के स्वतंत्र रूप से गतिशील पिस्टन को आधार देती है। पिस्टन और बेलन के अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्रफल एकसमान A हैं। जब पिस्टन साम्यावस्था में हैं, तब गैस का आयतन $V_0$ है और इसका दाब $P_0$ है। पिस्टन को इसकी साम्यावस्था स्थिति से थोड़ा सा विस्थापित किया जाता है और फिर छोड़ दिया जाता है। यह मान लें कि निकाय अपने परिवेश से पूर्णत: रोधी है, तब पिस्टन इस आवृत्ति की सरल आवर्त गति करेगा :

(1) $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{MV_0}{A\gamma P_0}}$

(2) $\frac{1}{2\pi}\frac{A\gamma P_0}{V_0 M}$

(3) $\frac{1}{2\pi}\frac{V_0 M P_0}{A^2\gamma}$

(4) $\frac{1}{2\pi}\sqrt{\frac{A^2\gamma P_0}{MV_0}}$

38. निर्वात में विद्युतशीलता का विमीय सूत्र $[\epsilon_0]$ से चिन्हित किया जाता है। यदि M = द्रव्यमान, L = लम्बाई, T = समय और A = विद्युत धारा; तब :

(1) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^2 T^{-1} A]$

(2) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^{-3} T^2 A]$

(3) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^{-3} T^4 A^2]$

(4) $[\epsilon_0] = [M^{-1} L^2 T^{-1} A^{-2}]$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

**39.**




The above $p$-v diagram represents the thermodynamic cycle of an engine, operating with an ideal monoatomic gas. The amount of heat, extracted from the source in a single cycle is :

(1) $4p_0v_0$

(2) $p_0v_0$

(3) $\left(\frac{13}{2}\right)p_0\,v_0$

(4) $\left(\frac{11}{2}\right)p_0\,v_0$

**40.** A projectile is given an initial velocity of $\left(\hat{i}+2\hat{j}\right)$m / s, where $\hat{i}$ is along the ground and $\hat{j}$ is along the vertical. If $g=10\ m/s^2$, the equation of its trajectory is :

(1) $4y=2x-25x^2$

(2) $y=x-5x^2$

(3) $y=2x-5x^2$

(4) $4y=2x-5x^2$

**39.**




उपरोक्त $p$-v चित्र एक आदर्श एकपरमाणुक गैस से कार्य कर रहे एक इन्जिन के ऊष्मागतिक चक्र को दर्शाता है। एक एकल चक्र में स्रोत से ली गई ऊष्मा की मात्रा है :

(1) $4p_0v_0$

(2) $p_0v_0$

(3) $\left(\frac{13}{2}\right)p_0\,v_0$

(4) $\left(\frac{11}{2}\right)p_0\,v_0$

**40.** एक प्रक्षेप्य को एक प्रारम्भिक वेग $\left(\hat{i}+2\hat{j}\right)$m / s दिया जाता है, जहाँ $\hat{i}$ पृथ्वी के साथ है और $\hat{j}$ ऊर्ध्वाधर पर। यदि $g=10\,m/s^2$, तब प्रक्षेप पथ का समीकरण है :

(1) $4y=2x-25x^2$

(2) $y=x-5x^2$

(3) $y=2x-5x^2$

(4) $4y=2x-5x^2$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

41. A beam of unpolarised light of intensity $I_0$ is passed through a polaroid A and then through another polaroid B which is oriented so that its principal plane makes an angle of 45° relative to that of A. The intensity of the emergent light is :

(1) $I_0/8$

(2) $I_0$

(3) $I_0/2$

(4) $I_0/4$

41. एक तीव्रता $I_0$ की अध्रुवित प्रकाश का पुंज एक पोलरायड A से गुजारा जाता है और फिर उसे एक दूसरे पोलरायड B से गुजारा जाता है। B का मुख्य तल A के मुख्य तल से 45° का कोण बनाता है। निर्गत प्रकाश की तीव्रता है :

(1) $I_0/8$

(2) $I_0$

(3) $I_0/2$

(4) $I_0/4$

42. A diode detector is used to detect an amplitude modulated wave of 60% modulation by using a condenser of capacity 250 pico farad in parallel with a load resistance 100 kilo ohm. Find the maximum modulated frequency which could be detected by it.

(1) 5.31 kHz

(2) 10.62 MHz

(3) 10.62 kHz

(4) 5.31 MHz

42. एक डायोड संसूचक को, 250 पिको फैराड वाले संधारित्र के 100 किलो ओहम के लोड प्रतिरोध के साथ समान्तर क्रम में लगाकर, 60% माडुलेशन वाली आयाम माडुलक तरंग का पता लगाने में प्रयुक्त किया गया है। इसके द्वारा अधिकतम माडुलित आवृत्ति जिसे ज्ञात किया जा सकता है :

(1) 5.31 kHz

(2) 10.62 MHz

(3) 10.62 kHz

(4) 5.31 MHz

43. The supply voltage to a room is 120 V. The resistance of the lead wires is 6 Ω. A 60 W bulb is already switched on. What is the decrease of voltage across the bulb, when a 240 W heater is switched on in parallel to the bulb ?

(1) 10.04 Volt

(2) zero Volt

(3) 2.9 Volt

(4) 13.3 Volt

43. एक कमरे की सप्लाई वोल्टता 120 V है। लीड के तारों का प्रतिरोध 6 Ω है। एक 60 W बल्ब पहले से ही जल रहा है। इस बल्ब के समान्तर में 240 W का हीटर जलाने पर बल्ब की वोल्टता में कितनी कमी आयेगी ?

(1) 10.04 वोल्ट

(2) शून्य वोल्ट

(3) 2.9 वोल्ट

(4) 13.3 वोल्ट



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

44. A metallic rod of length 'l' is tied to a string of length 2l and made to rotate with angular speed ω on a horizontal table with one end of the string fixed. If there is a vertical magnetic field 'B' in the region, the e.m.f. induced across the ends of the rod is :



(1) $\frac{5B\omega l^2}{2}$

(2) $\frac{2B\omega l^2}{2}$

(3) $\frac{3B\omega l^2}{2}$

(4) $\frac{4B\omega l^2}{2}$

44. लम्बाई 'l' की एक धातु की छड़ लम्बाई 2l की एक डोरी से बँधी है और डोरी के एक सिरे को स्थिर रख कर इसे कोणीय चाल ω से घूर्णित किया जाता है। यदि क्षेत्र में एक ऊर्ध्वाधर चुम्बकीय क्षेत्र 'B' है, तब छड़ के सिरों पर प्रेरित विद्युत वाहक बल है :



(1) $\frac{5B\omega l^2}{2}$

(2) $\frac{2B\omega l^2}{2}$

(3) $\frac{3B\omega l^2}{2}$

(4) $\frac{4B\omega l^2}{2}$

45. The magnetic field in a travelling electromagnetic wave has a peak value of 20 nT. The peak value of electric field strength is :

(1) 12 V/m

(2) 3 V/m

(3) 6 V/m

(4) 9 V/m

45. एक गतिशील विद्युत चुम्बकीय तरंग में चुम्बकीय क्षेत्र का शीर्ष मान 20 nT है। विद्युत क्षेत्र सामर्थ्य का शीर्ष मान है :

(1) 12 V/m

(2) 3 V/m

(3) 6 V/m

(4) 9 V/m



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

ZOLLEGE.in

46. A sonometer wire of length 1.5 m is made of steel. The tension in it produces an elastic strain of 1%. What is the fundamental frequency of steel if density and elasticity of steel are $7.7 \times 10^3$ kg/m$^3$ and $2.2 \times 10^{11}$ N/m$^2$ respectively ?

(1) 770 Hz

(2) 188.5 Hz

(3) 178.2 Hz

(4) 200.5 Hz

47. *This question has Statement I and Statement II. Of the four choices given after the Statements, choose the one that best describes the two Statements.*

